राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी ऑफ मध्यप्रदेश)

A/4, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, गौतम नगर, भोपाल– 462023

फोन नं. (0755) 2583627, 2583673 फैक्स : (0755) 2583656

वेबसाईटःwww.rgpvdiploma.in ईमेल: rgpvpoly@rediffmail.com

क्रमांक/रागॉप्रौवि/प्रशासन/2022 432 भोपाल दिनांक 16.03.22

प्रति

प्राचार्य,
समस्त सह शिक्षा/महिला पोली/अंशकालीन/
निजी तकनीकी संस्थाएं (पोली) तथा फार्मेसी संस्थाएं
म0प्र0

विषयः– आपके द्वारा अग्रेषित किये जाने वाले विविध प्रकरणों के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख हैं कि आपके माध्यम से महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं के डुप्लीकेट अंकसूची, अंकसूचियों में नाम–सुधार, डुप्लीकेट डिप्लोमा, अर्जेंट डिप्लोमा, डिप्लोमा में संशोधन एवं माइग्रेशन हेतु जो प्रकरण विश्वविद्यालय को अग्रेषित किये जाते हैं। कई प्रकरण विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई प्रकिया के अनुरूप नहीं है अथवा अपूर्ण हैं। अपूर्ण प्रकरणों के कारण छात्र–छात्राओं के प्रकरण निराकरण में अनावश्यक विलंब हो रहा हैं। अतः निम्न बिंदुओं के अनुसार प्रकरण पूर्ण होनें पर ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित किये जावें।

1. डुप्लीकेट अंकसूची संबंधी प्रकरण में प्रति अंकसूची रू. 100/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट, शपथ–पत्र, एफ.आई.आर.की कॉपी आवेदन के साथ संलग्न हो।
2. अंकसूची में नाम–सुधार संबंधी प्रकरण में प्रति अंकसूची रू. 100/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट, मूल अंकसूचियॉ, फार्मेसी संकाय के छात्र–छात्राओं हेतु हायर–सेकेण्डरी की अंकसूची (छायाप्रति) एवं अन्य संकाय के छात्र–छात्राओं हेतु हाई–स्कूल की अंकसूची (छायाप्रति) संलग्न हो।
3. छात्र–छात्राओं द्वारा प्रायः डिमाण्ड– ड्राफ्ट सचिव, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के नाम से न बनायें जाकर, कुलसचिव, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के नाम से बनाकर प्रस्तुत कर दिये जाते हैं **जो वैध नहीं हैं**। अतः डिमाण्ड– ड्राफ्ट का अवलोकन आवश्यक रूप से करें।
4. सचिव, रा.गॉ.प्रौ.वि. भोपाल/ **Secretary, Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya, Bhopal** के नाम से देय बैंक डिमाण्ड– ड्राफ्ट ही स्वीकृत किये जावेंगे।
5. डिप्लोमा की द्वितीय प्रति हेतु वि.वि.द्वारा आवेदन के निर्धारित प्रारूप के साथ रू. 200/– का बैंक डिमाण्ड– ड्राफ्ट, शपथ पत्र, एफआरआई/पुलिस थाने में की गई शिकायत की प्रति, अंतिम वर्ष की अंकसूची की छायाप्रति, पूर्व प्रदत्त डिप्लोमा की छायाप्रति संलग्न हो।
6. अर्जेंट डिप्लोमा प्राप्त करने हेतु वि.वि.द्वारा आवेदन के निर्धारित प्रारूप के साथ रू. 500/–का बैंक डिमाण्ड– ड्राफ्ट, अंतिम वर्ष की अंकसूची (छायाप्रति) सहित संलग्न हो।
7. डिप्लोमा में संशोधन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के पूर्व वि.वि.द्वारा प्रदत्त अंकसूचियों में सुधार कराने के उपरांत ही प्रकरण प्रस्तुत करें जिस हेतु वि.वि.द्वारा जारी अंतिम वर्ष की अंकसूची के साथ रू. 100/– का बैंक डिमाण्ड– ड्राफ्ट, नाम संशोधन हेतु हायर–सेकण्डरी/हाईस्कूल की अंकसूची (छायाप्रति) संलग्न हो।

निरंतर.........

8. माइग्रेशन हेतु आवेदन के साथ स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति, अंतिम वर्ष की अंकसूची सहित रू. 100/– का बैंक डिमाण्ड– ड्राफ्ट संलग्न हो।

उपरोक्तानुसार दर्शायें गयें बिन्दुओं के अनुरूप पूर्ण आवेदन ही आपके माध्यम से प्रस्तुत हों, सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

नोटः– आवेदन करने के समस्त प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेब साइट www.rgpvdiploma.in पर Student life में download forms के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

सचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल
भोपाल, दिनांक 16/03/2022

पृ0क्रमॉक/रागांप्रौविवि/प्रशासन/2022/433
प्रतिलिपिः–

1. नियंत्रक (परीक्षा), रागॉप्रौवि. भोपाल म0प्र0 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. उप सचिव (फार्मेसी), रागॉप्रौवि. भोपाल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
3. उप सचिव (कम्प्यूटर शाखा), रागॉप्रौवि. भोपाल म0प्र0 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. अधीक्षक, (परीक्षा उप विभाग), रागॉप्रौवि. भोपाल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
5. अधीक्षक, (डिप्लोमा), रागॉप्रौवि. भोपाल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
6. समस्त ग्रुप प्रभारी (परीक्षा उप विभाग) रागॉप्रौवि. भोपाल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।

सचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल